संपादक के नोट

मैं मेरे प्रभु और उद्धारकर्ता येशु मसीह के बहुमूल्य नाम से आप सभी का अभिवादन करती हूँ।

अगर तुम सब प्रभु पर प्रतीक्षा कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से, तुम्हारे लिए अपनी सभी वाचाओं को पूरा करेगा, क्योंकि वह एक दयालु परमेश्वर है, और उसकी कृपा और दया के कारण तुम कभी लज्जित नहीं होंगे। यशायाह ४९रू२३ – राजा तेरी देखभाल करनेवाले होंगे, और उनकी राजकुमारियां तेरी धाइयां होंगी। वे भूमि तक झुककर तुझे दण्डवत्‌ करेंगे और तेरे पैरों की धूल चाटेंगे। तब तू यह जान लेगी कि मैं ही यहोवा हूं। जो आशा रखकर मेरी बाट जोहेंगे वे कभी लज्जित न होंगे।

परमेश्वर ने अब्राहम के साथ एक वाचा बनाई, उसने कहा, ●निश्चय मैं तुझे आशिष दूंगा और निश्चय ही मैं तुझे बढ़ाऊंगा।●

अब्राहम ने धैर्य से २५ वर्षों तक इंतज़ार किया और अपने आशीर्वाद को प्राप्त किया, अर्थात इसहाक। इब्रानियों ६रू१३–१५ – आब्राहम से प्रतिज्ञा करते समय जब परमेश्वर ने शपथ खाने के लिए अपने से बड़ा कोई न पाया तो उसने यह कहते हुए अपनी ही शपथ खाई, ●निश्चय मैं तुझे आशिष दूंगा और निश्चय ही मैं तुझे बढ़ाऊंगा।● और इस प्रकार धीरज से प्रतीक्षा करके उसने पतिज्ञा प्राप्त की। लगभग १२० वर्षों के लिए नूह भीषण बाढ़ के बारे में उपदेश दे रहा था जो प्रभु पृथ्वी पर लाने वाला था, साथ साथ में वह परमेश्वर का सन्दूक तैयार कर रहा था। उसी समय में, उसने पराजित महसूस नहीं किया हालांकी समय गुज़रता जा रहा था।

एक निर्धारित समय में, उसने सन्दूक में अपने परिवार के साथ प्रवेश किया और नष्ट नहीं हुए। इसी प्रकार से इस्राएलियों को ४० साल के लिए इंतजार करना पड़ा दूध और मधु की धाराएं से बहती वादे के भूमि में प्रवेश करने के लिए। जो लोग जल्दी में थे नष्ट हो गए। हालांकि, कालेब और यहोशू जो धैर्यवान थे, कनान में प्रवेश कर सके, दूध और शहद से बहते देश में।

परमेश्वर ने अदन की वाटिका में मसीहा के आने का वादा किया था। प्रेरितों ने उसके लिए यत्न से इंतज़ार किया। वें ऊपरी कोठरी में एकता के साथ प्रार्थना कर रहे थे, जहां उन्होंने शक्ति और पवित्र आत्मा के अभिषेक को प्राप्त किया।

एक आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए परमेश्वर के हर बच्चे को पवित्र आत्मा की शक्ति की आवश्यकता है। दुष्ट के हर योजना और काम को हराने के लिए, तुम्हें पवित्र आत्मा की शक्ति की जरूरत है। यशायाह ४०रू३१ – परन्तु जो यहोवा की बाट जोहते हैं वे नया बल प्राप्त करते जाएंगे, वे उकाबों के समान पंख फैलाकर ऊंचाई पर उड़ेंगे वे दौड़ेंगे और श्रमित न होंगे, वे चलेंगे पर थकेंगे नहीं। प्रत्येक विश्वासी के जीवन में, परमेश्वर की उपस्थिति में, उपवास और प्रार्थना करना अच्छा

है। एस्थर ने ३ दिन और ३ रातों के लिए उपवास और प्रार्थना की। इन ३ दिन और ३ रातों के उपवास ने उसके लिए महान आशीष लाई।
मूसा और एलिय्याह ने परमेश्वर की उपस्थिति में ४० दिनों के लिए इंतज़ार किया। येशु जंगल में गया और ४० दिन और रात बिना खाए और पिए बिताया और स्वर्ग में परमेश्वर की ओर से असीमित शक्ति प्राप्त किया।
संघर्ष और विरोध से घबराओ मत जब तुम प्रभु पर प्रतीक्षा करते हो। प्रभु तुम्हें जागने और उसके लिए चमकने के लिए बुला रहा है। यशायाह ५२रू१ – हे सिय्योन, जाग, जाग! अपना बल धारण कर। हे पवित्र नगरी यरूशलेम, अपने अति शोभायमान वस्त्र धारण कर। क्योंकि खतनारहित और अशुद्ध लोग फिर तुझ में प्रवेश न करने पाएंगे। इस्राएली जब कनान के रास्ते पर थे, प्रभु दिन और रात उनके साथ था। निर्गमन १३रू२१ – और यहोवा उनको दिन में मार्ग दिखाने के लिए मेघ के खम्भे में और रात को उजियाला देने के लिए आग के खम्भे में होकर उनके आगे आगे चला करता था, जिस से वे दिन और रात दोनो में यात्रा कर सकें। हमारे समय में, प्रभु रात को आग के खम्भे में और दिन में बादल के रूप में आने के बजाय, प्रभु ने हमें उसकी आत्मा को दिया है। रोमियों ८रू१४ – क्योंकि वे सब जो परमेश्वर के आत्मा के द्वारा चलाए जाते हैं, वे परमेश्वर के सन्तान हैं। बहुत से लोग प्रभु पर प्रतीक्षा नहीं करते न ही वें प्रभु की इच्छा को पूछते हैं, वे केवल अपने स्वयं के निर्णय को लेते हैं, जो खतरनाक है। ये शैतान उनके दिमाग में क्या डालता है उसके अनुसार जीते हैं। वें अपने शरीर की इच्छाओं को पूरा करते हैं। बाइबल उन्हें नीतिवचन १४रू१२ में चेतावनी देता हैं – ऐसा मार्ग भी है जो मनुष्य को ठीक जान पड़ता है, परन्तु उसके अन्त में मृत्यु ही मिलती है। प्रियजनों, जब तक वह अपना रास्ता दर्शाता है, प्रभु पर प्रतीक्षा करो.वह निश्चित रूप से तुम्हें उसका रास्ता दिखाएगा। शुरुआत में, जब शमूएल ने शाऊल को अभिषेक किया इस्राएल का राजा होने के लिए, शमूएल ने शाऊल से क्या कहा? १ शमूएल १०रू८ – तू मुझ से पहले गिलगाल जाना। और देख, मैं वहाँ तेरे पास होमबलि तथा मेलबलि चढ़ाने के लिए आऊँगा। सात दिन तक तू मेरे आने की प्रतीक्षा करते रहना। तब मैं तुझे बताऊँगा कि आगे क्या करना है।ः जब उसने प्रतीक्षा की, तब प्रभु ने शाऊल को उसकी सलाह दी। हालांकि, बाद में प्रभु पर प्रतीक्षा करने के बजाय, शाऊल एनदोर में भूत–सिद्धि करने वाली महिला से सलाह लेने के लिए चला गया।
१ शमूएल २८रू७ – तब शाऊल ने अपने कर्मचारियों से कहा, ष्मेरे लिए कोई भूत–सिद्धि करने वाली खोजो जिसके पास जाकर मैं पूछ सकूँ।ः उसके कर्मचारियों ने कहा, ष्देख, एनदोर में भूत–सिद्धि करने वाली एक स्त्री रहती है। शाऊल की इस कार्रवाई की वजह से, प्रभु ने राजा शाऊल और उसके परिवार को पलिश्तियों

के हाथों में दे दी। मेरे प्रियजनों प्रभु पर प्रतीक्षा करते रहों। भजन संहिता २७ः४ – मैंने यहोवा से एक वर मांगा है, मैं उसी के यत्न में लगा रहूँगाः कि मैं अपने जीवन भर यहोवा के भवन में ही निवास करने पाऊँ, जिस से यहोवा की मनोहरता निहारता रहूँ और उसके मंदिर में उसका ध्यान करता रहूँ। प्रभु जिसने फिर से आने का वादा किया है, निश्चित रूप से आएगा। २ पतरस ३ः९ – प्रभु अपनी प्रतिज्ञा को पूरी करने में विलम्ब नहीं करता, जैसा कि कुछ लोग समझते हैं, परन्तु वह तुम्हारे प्रति धीरज रखता है। वह यह नहीं चाहता कि कोई नाश हो, परन्तु यह कि सब पश्चाताप करें।
तो मेरे प्यारे, अगर आज तुम प्रभु पर लगन से प्रतीक्षा कर रहे हैं, निश्चित रूप से वह तुम्हें मिलेगा।

हम इन पन्नों में फिर से मिलने तक परमेश्वर तुम्हें आशीष दे।

पास्टर सरोजा म.

हमारी नागरिकता स्वर्ग की है।

फिलिप्पियों ३ः२० कहता है – परन्तु हमारी नागरिकता स्वर्ग की है, जहां से हम उद्धारकर्ता प्रभु येशु मसीह के आगमन की प्रतिक्षा उत्सुकता से कर रहे हैं।
जिस जगह पर हमारा प्रभु बैठा है, वहा प्रभु परमेश्वर है, उनके दांयी ओर येशु मसीह है, परमेश्वर के बच्चे और पवित्र पुस्तक के साथ। जब येशु मसीह फिर से आएगा, वह हम में से हर एक के लिए प्रतिफल लाएगा। हमें प्रभु के आने का इंतजार करना पड़ता है और किताब खोले जाए क्योंकि उसके बच्चों का नाम उस किताब में लिखा गया है। जैसे यशायाह ६४ः४ में कहा गया है – क्योंकि प्राचीनकाल ही से न किसी ने सुना, न ही कानों तक उसकी चर्चा पहुंची और न आंखों से किसी ने तुझे छोड़ ऐसे परमेश्वर को देखा जो अपनी बाट जोहने वालों के लिए कार्य करता हो। किसी ने भी देखा नहीं या जाना नहीं क्या हमारे परमेश्वर ने उस महान दिन के लिए तैयार किया है। जब हम उसके लिए इंतज़ार करते हैं, हमारे जीवन में हम अनुभव करेंगे जिसकी हमने कभी कल्पना भी नहीं की, न तो क्या हमने सुना है और न ही अब तक हमारे जीवन में देखा है। १ कुरिन्थियों २ः९ में कहता है – पर जैसा लिखा है, "जिन बातों को आंख ने नहीं देखा और न कान

ने सुना, और जो मनुष्य के हृदय में नहीं समाईं, उन्हीं को परमेश्वर ने अपने प्रेम करने वालों के लिए तैयार किया है।" सच में वें लोग जो प्रभु से प्रेम करते हैं, किसी ने भी अभी तक देखा नहीं या सुना है, क्या परमेश्वर ने उस से प्रेम करने वाले अपने बच्चों के लिए बचाकर रखा है। हमारे दैनिक जीवन में उदाहरण के लिए ले लो – जब हम कमज़ोर हो जाते हैं, हम अपने शरीर को पौष्टिक चीज़ें देते है अर्थात .. बॉर्नविटा, हॉर्लिक्स, कॉमप्लान, एक बार फिर हमारे भौतिक शरीर को मजबूत बनाने के लिए। विशेष रूप से परीक्षा के दौरान, हम सुनिश्चित करते है हमारे बच्चों को अतिरिक्त शक्ति प्रदान करे, इसलिए हम उन्हें दूध और शक्ति देनेवाले पेय आदि के दो गिलास देते है, ताकि वे कम सोए और अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए जागते रहे। उसी तरह, हमें भी परमेश्वर के वचन के द्वारा अपनी आत्मा का पोषण करना चाहिए, विशेष रूप से जब हमारे जीवन में परीक्षण होते हैं, हमें हिलना नहीं चाहिए, लेकिन बाइबिल और अधिक पढ़ना चाहिए, अपनी आत्मा को मजबूत करने के लिए, आतमिक शक्ति प्राप्त करने के लिए। अगर एक साधारण परीक्षा के लिए हम शारीरिक रूप से हमारे बच्चों को मजबूत करना चाहते हैं, और कितना हम परमेश्वर के वचन से सुसज्जित होना चाहिए जब हम उसके आने के लिए तैयारी कर रहे हैं।

लूका १०ः४२ – परन्तु कुछ बातें हैं – वास्तव में एक ही बात आवश्यक है, और मरियम ने उस उत्तम भाग को चुन लिया है जो उस से छीना न जाएगा।" अगर बाइबल मे मरियम और मार्था दो बहनों के जीवन की तुलना करें, मार्था ने दुनिया के तरीके में खुद को तैयार करने के लिए चुना, दुनिया के कई चीज़ों के बारे में चिंतित और परेशान थी, लेकिन उसकी बहन मरियम ने सही रास्ता को चुना है, उसने प्रभु का मार्ग चुना। जब हम प्रभु पर इंतजार करते हैं, हमारा अनुग्रहकारी और समृद्ध परमेश्वर अपने सभी जरूरतों की आपूर्ति करेगा, हमारे लिए कोई कमी नहीं होगी। जैसे पवित्र शास्त्र फिलिप्पियों ४ः१९ में कहता है – मेरा परमेश्वर भी अपने उस धन के अनुसार जो महिमा सहित मसीह येशु में है तुम्हारी प्रत्येक आवश्यकता पूरी करेगा। उदाहरण के लिए, हम भोजन उपलब्ध कराने के लिए पूरे दिन और रात काम करते है और हमारे परिवार के लिए सबसे अच्छा देते है। लेकिन इस से भी अधिक है, अगर हम हमारे प्रभु की ओर मुढ़ें, हमें और भी अधिक लाभ होगा। हमारे कड़ी मेहनत के द्वारा संचित किया गया धन हमें कुछ नहीं दे सकता, केवल इस जीवन के नाशवान होने वाले खुशियाँ, जो ग़ायब हो जाऐंगे। इससे ज्यादा, हमारा निर्माता हमें बहुतायत का जीवन दे सकता हैं और हमारे जीवन में अपने सब कमी को पूरा करेगा।

भजन संहिता ५ः३ – हे यहोवा, भोर के समय तू मेरी वाणी सुनेगा, प्रातःकाल मैं तुझ से प्रार्थना करके तेरी बाट जोहूंगा। जो लोग लगन से प्रभु की प्रतीक्षा करते

है, प्रभु उनकी आवाज सुनेगा। यह महत्वपूर्ण है हमें जानने के लिए की प्रभु हमारी सुनेगा। पवित्र शास्त्र में हम अब्राहम, याकूब, मूसा और कई अन्य लोगों के महान विश्वास को जानते है जो हमेशा प्रभु का धैर्यपूर्वक से प्रतीक्षा करते थे। भजन संहिता ४०ः१–३ – मैं धैर्य से यहोवा की प्रतीक्षा करता रहा, और उसने मेरी ओर झुक कर मेरी दुहाई सुनी। उसने मुझे विनाश के गड्ढे में से, दलदल के कीचड़ में से निकाला, और उसने मेरे पैरों को चट्टान पर स्थिर करके मेरे कदमों को दृढ़ किया, उसने मेरे मँह में एक नया गीत, हमारे परमेश्वर की स्तुति का गीत डाला। बहुत से लोग देखेंगे और भयभीत होंगे और यहोवा पर भरोसा रखेंगे। यह विश्वास परीक्षण में दृढ़ है। जब हम प्रभु की प्रतीक्षा करते हैं, उसने होशे १४ः५ में वादा किया है – मैं इस्राएल के लिए ओस के समान ठहरूंगा। वह सोसन के समान फूलेगा। लेबनोन के देवदार के समान वह जड़ पकड़ेगा। प्रभु ने वादा किया है कि वह हम पर ओस हो जाएगा, और हमारे जीवन एक कुमुदिनी की तरह खूबसूरती से खिल जाएगा। हमारी प्रतीक्षा, केवल प्रभु पर होना चाहिए सभी महान पुरुषों के विश्वास की तरह जिनका उल्लेख इब्रानियों ११ में किया है, वे स्वर्ग की आशा में महान विश्वास के लोग थे। उसी तरह से, हमारी इच्छा पवित्र लोगों के बीच रहने के लिए होना चाहिए, कि हमारे नाम पवित्र पुस्तक में दर्ज हो जाए और हम हमारे पुरस्कार के लिए इंतज़ार करना है जो प्रभु ने हमारे लिए रखा है। प्रभु हमारे हर प्रार्थना का जवाब देता है – भजन संहिता ९ः१ कहता है – हे यहोवा, मैं अपने सम्पूर्ण ह्रदय से तुझे धन्यवाद दूंगा, मैं तेरे समस्त आश्चर्यकर्मों का वर्णन करूंगा। मूसा कहता हैं, हमारे जीवन में तुम्हारे बिना, हम तुम्हारी स्तुति नहीं कर सकते हैं। जब प्रभु हमारे जीवन में है, हमारे सभी कमी परिपूर्णता में बदल जाता है और पूर्ण हो जाता है। कोई तूफान, ईर्ष्या, उसके बच्चों को छू नहीं सकता है जो उसकी कृपा से ढ़ापें गए है। याकूब उत्पत्ति ४९ः१८ में कहता है – हे यहोवा मैं तुझ से उद्धार पाने की आस लगाए हूं। और जब उसने उद्धार प्राप्त किया, यह उसके जीवन को बदल दिया। इस प्रकार, एक बार फिर से प्रभु चाहता है कि हम केवल उसकी प्रतीक्षा करें। १ तीमुथियुस २ः४ कहता है – जो यह चाहता है कि सब लोग उद्धार प्राप्त करें और सत्य को जानें। हर आदमी, उद्धार प्राप्त करना चाहिए, यह हमारा परमेश्वर हमारे लिए इच्छा करता है। आज, हम हमारे पीछे दुनिया का सब कुछ छोड़ देना चाहिए, अब हम में से हर एक के लिए अपनी कृपा का समय है। यह ठीक है कि सोम–शुक्र तक हम अपने शरीर को मजबूत करने के लिए सभी ऊर्जा पेय पी सकते हैं। लेकिन शनि और रवि हम प्रभु द्वारा प्रदान किया हुआ मन्ना खाना चाहिए और हमारे आध्यातमिक जीवन को मजबूत करें।

येशु शैतान द्वारा कई बार परीक्षा किया गया था, लेकिन येशु परमेश्वर के वचन के द्वारा लडा और कहा ‘तु प्रभु अपने परमेश्वर की परीक्षा नहीं करना’। क्या शैतान,

हमारा दुश्मन, आज हमें छोड़ देगा? नहीं। इसलिए हमें परमेश्वर के वचन में मजबूत होना हैं, यह हमारे जीवन में शत्रु की योजना के खिलाफ हमारा एकमात्र हथियार है। शैतान ताकतवर है लेकिन हमारा परमेश्वर सर्वशक्तिमान है, हमें हमेशा उसके साथ जुड़ा हुआ होना चाहिए। पवित्र शास्त्र २ कुरिन्थियों ६रू२ में कहता है – क्योंकि वह कहता है, ष्ग्रहण किए जाने के समय मैंने तेरी सुन ली, और उद्धार के दिन मैंने तेरी सहायता की।ष् देखो, अभी ग्रहण किए जाने का समय है। देखो, अभी वह उद्धार का दिन है। सच में, दुनिया में सब कुछ प्रतीक्षा कर सकते हैं, आज हमारे उद्धार का समय है। परमेश्वर हमसे प्यार करता है और हमारी हर प्रार्थना सुनता है। कितने ही बड़े और गंदे हमारे पाप हो, आज वह हमें माफ करने के लिए तैयार है और हमें उद्धार प्रदान कर सकता है। क्या हम इसे स्वीकार करने के लिए आज तैयार हैं। परमेश्वर ने हमें दो आशीषें दी है १) हमारी शक्ति को नवीनीकृत किया है २) उठने और भागने के लिए। यशायाह ४०रू३१ में पवित्र शास्त्र कहता है – परन्तु जो यहोवा की बाट जोहते हैं वे नया बल प्राप्त करते जाएंगे, वे उकाबों के समान पंख फैलाकर ऊंचाई पर उड़ेंगे वे दौड़ेंगे और श्रमित न होंगे, वे चलेंगे पर थकेंगे नहीं। यशायाह ४९रू२३ कहता है – राजा तेरी देखभाल करनेवाले होंगे, और उनकी राजकुमारियां तेरी धाइयां होंगी। वे भूमि तक झुककर तुझे दण्डवत करेंगे और तेरे पैरों की धूल चाटेंगे। तब तू यह जान लेगी कि मैं ही यहोवा हूं। जो आशा रखकर मेरी बाट जोहेंगे वे कभी लज्जित न होंगे।ष् हाँ, जब हम अपने प्रभु की प्रतीक्षा करते हैं, हम कभी लज्जित नहीं होंगे। जब हम पवित्र शास्त्र पढ़ते हैं, हम पहचान सकते हैं किसका जीवन एक वर जीवन, दान है और किसका शापित हैं। उदाहरण के लिए, जब हमारा अभी भी बचाए नहीं गए थे, जब हम इस पवित्र मंदिर में आए थे, हमें पता भी नहीं था की क्या दे। पास्टर की गवाही – मेरे लिए, मेरी एकमात्र खुशी सिर्फ स्तुति और आराधना में आने के लिए था सब प्रभु के बच्चों के साथ हर शनिवार और रविवार को। मेरी एकमात्र इच्छा इस मंदिर में गीत गाना और स्तुति करने के लिए था। कुछ देर बाद, मैं उपवास प्रार्थना में दूसरों की तरह प्रार्थना करने के लिए भी चाहती। मेरा दिल हमेशा खुश रहता था जब मैं चर्च में आने के बारे में सोचती। जब भाइ और बहने पवित्र आत्मा से परिपूर्ण होते थे, मैं भी, पवित्र आत्मा से परिपूर्ण होना चाहती थी, हर कदम खुशी का था और मैं हर आशीर्वाद के लिए तत्पर रहती जो मैं प्रभु से प्राप्त करती। जब मैं बपतिस्मा प्राप्त करने वाली थी, मेरे परिवार कि ओर से बहुत विरोध हुआ, लेकिन मेरा दिल खुशी से भरा था और मैंने बपतिस्मा प्राप्त किया लेकिन मेरे परिवार की इच्छाओं के खिलाफ। फिर, जब मैं एक पास्टर बन गई, मेरे जीवन के हर कदम का आनन्द अलग था, मैं हर्षित और खुशी से मेरे प्रभु के साथ हर उन्नति के लिए आगे देख रही थी। आज, मैं मेरे जीवन में प्रभु के कार्य के लिए बहुत खुश हूँ।

पवित्र शास्त्र अय्यूब ८रू२२ में कहता है – जो तुझ से घृणा करते हैं, उनको लज्जा का वस्त्र पहनाया जाएगा; और दुष्टों का डेरा कहीं का रहने न पाएगा।ध किसे शर्म होता है? कौन नाराज होता है? यह दुष्ट है। भजन संहिता १२९रू५ कहता है – सिय्योन के सब शत्रु लज्जित किए और खदेड़ दिए जाएं। हाँ, सिय्योन के बच्चों के खिलाफ लोगों को पीछे की ओर चलना होगा और प्रभु के सामने नहीं आ सकते। शत्रु, सच्चाई का सामना नहीं कर सकते, वे सच सुनना सहन नहीं कर सकते। मूर्तिपूजक शर्म में डाले जाएंगे, क्योंकि वे प्रभु, स्वर्ग और पृथ्वी के निर्माता को स्वीकार नहीं करते, जैसे भजन संहिता ९७रू७ में कहा गया है – जो गढ़ी हुई मूर्तियों की पूजा करते, और जो मूर्तियों पर गर्व करते हैं, वे सब लज्जित हों; हे सब देवताओ, तुम केवल उसी की आराधना करो। भजन संहिता २२रू४–५ – तुझ ही पर हमारे पूर्वजों ने भरोसा रखा; उन्होंने भरोसा रखा और तू ने उन्हें छुड़ाया। उन्होंने तेरी दुहाई दी, और वे छुड़ा लिए गए; तुझ पर उन्होंने भरोसा किया; और वे लज्जित न हुए। पीढ़ी–दर–पीढ़ी परमेश्वर ने इस्राएल के प्रार्थनाओं को सुना है, उनके आँसुओं को पोंछा हैं और बंधन से छुड़ाया हैं। उन्होंने प्रभु पर विश्वास किया है। प्रभु में विश्वास करने वाले लोग, विशेष रूप से कठिन समय में, कभी लज्जित नहीं होंगे। भजन संहिता ३७रू१९ कहता है – संकट के दिनों में वे लज्जित न होंगे, और अकाल के दिन में वे भरपूर रहेंगे। हमारे प्रभु के आँखें उन लोगों पर है जो उसकी प्रतीक्षा करते है। भजन संहिता ३३रू१८–१९ कहता है – देखो, यहोवा की दृष्टि उन पर जो उसका भय मानते, और जो उसकी करूणा पर आशा रखते है, बनी रहती है, कि उनके प्राण को मृत्य से बचाए और अकाल के समय उनको जीवित रखे। उदाहरण के लिए जैसे हेलिकॉप्टर समुद्र तट के क्षेत्रों के आसपास घ ूमता है, जब लोग समुद्र तट पर भीड़ करते हैं, उन्हें डूबने से बचाने के लिए। उसी तरह, हमारे प्रभु के श्आंख उसके बच्चों पर है, हम पर दृष्टि रखे हुए, वह हमें डूबने नहीं देगा क्योंकि वह हमसे प्यार करता है और हमारा ख्याल रखता है जैसे शास्त्रों में यहूदा १रू२१ में कहा गया है – अपने आपको परमेश्वर के प्रेम में बनाए रखो, और अन्नत जीवन के लिए उत्सुकता से हमारे प्रभु येशु मसीह की दया की बाट जोहते रहो। प्रभु के साथ हमेशा जुड़े रहो, उसकी प्रतीक्षा करे, उसपर भरोसा रखे। प्रभु अनुग्रहकारी है, दयालु है, हम उस पर प्रतीक्षा करते है। भजन संहिता १०३रू३ कहता है – जो तेरे सब अधर्मी को क्षमा करता, और तेरे सब रोगों को चंगा करता; इसराइल में, बेथेस्डा नामक एक पूल है। यूहन्ना ५रू३ कहता है – इनमें बहुत–से ऐसे लोग पड़े रहते थे जो बीमार, अंधे, लंगड़े व सूखे अंग वाले थे। उसके उपचार के लिए, ३८ साल से पूल के पास इंतज़ार कर रहा एक बीमार आदमी था। लंगड़ा, अंधा, सूखे अंग वाले और बीमार सब इस पूल में चंगा हुए थे। लेकिन यह बीमार आदमी पूल के पास पडा हुआ था किसी के लिए इंतजार करते हुए कि कोई उसे

उठाकर पूल में डाले। परन्तु येशु इस आदमी को खोजते हुए आया। येशु ने उस से पूछा, ‘क्या तुम चंगा होना चाहते हो? उसने कहा हां, लेकिन मुझे पूल में डालने वाला कोई नहीं है। इसके तत्काल बाद, येशु ने उस से कहा ‘उठ, अपना बिस्तर ले और चल’ हमारा अनुग्रहकारी परमेश्वर, इस आदमी के लिए खोजते हुए आया। क्योंकि उसके ३८ सालों के इस विश्वास के लिए, उसे चंगा किया। उसी तरह से, हम जो प्रभु पर प्रतीक्षा करते है कभी लज्जित नहीं होंगे। येशु हमारे दिलों को खोज रहा है, जो कोई भी यह उसके लिए खोले, वें हमेशा आशिषित होंगे। भजन संहिता ३७रू९ कहता है – दुराचारी तो काट डाले जाएंगे, परन्तु जो यहोवा की बाट जोहते हैं वे पृथ्वी के उत्तराधिकारी होंगे। इस दुनिया में सब कुछ हमारे लिए प्रभु द्व ारा बनाई गई है। दानिय्येल ७रू१८ कहता है – परन्तु परमप्रधान के लोग राज्य पाएंगे और सदा सर्वदा तक हां, अनन्तकाल तक उसके अधिकारी बने रहेंगे। प्रभु धन्य वचन से पर्वत पर बैठकर मत्ति ५रू५ में घोषणा करता है – ‘धन्य हैं वे जो नम्र हैं, क्योंकि वे पृथ्वी के उत्तराधिकारी होंगे।’. दानिय्येल ७रू२७ में, पवित्र शास्त्र कहता है – तब परमप्रधान के पवित्र लोगों को आकाश के नीचे अर्थात् पृथ्वी के सब राज्यों की सत्ता, प्रभुता और महानता दी जाएगी। उसका राज्य सनातनकाल का राज्य होगा और सब राज्य उसकी सेवा करते हुए उसकी आज्ञा का पालन करेंगे। जब हमारा प्रभु आता है, हमें प्रतिफल की उम्मीद करनी चाहिए जो वह वह अपने साथ लाने वाला है। लेकिन केवल हम लोगों के लिए, जो यत्न से अंत तक उस पर प्रतीक्षा करेगा।

यह वचन प्रत्येक और हर जीवन और हमारे परिवारों में आशीष लाए। प्रभु की स्तुति हो।

पास्टर सरोजा म.